दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश




## अनमोल वचन

"भगवान की एक परम प्रिय के रूप में पूजा की जानी चाहिए, इस या अगले जीवन की सभी चीजों से बढ़कर।"

वर्ष : 13 अंक : 192 मूल्य : 5 रू पृष्ठ : 8

रविवार
31 मई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

## संक्षिप्त न्यूज

### 'मन की बात' की 134वीं कड़ी का प्रसारण कल सुबह 11 बजे

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वी कड़ी होगी।
कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूजऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज, डीडी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रादेशिक भाषाओं में भी कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

### पश्चिम बंगाल में स्वच्छता सुधार के लिए नया स्वच्छ मोबाइल ऐप लॉन्च




पश्चिम बंगाल(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में स्वच्छता में सुधार और नागरिक समस्याओं का तेजी से समाधान करने के लिए एक नया स्वच्छ मोबाइल ऐप जारी किया गया है। केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने आज कोलकाता में एक समारोह के दौरान इस ऐप को जारी किया।
इस ऐप के जरिये नागरिक अपनी समस्याओं जैसे दृ रुका हुआ पानी, कचरा या नालियों का फोटो अपलोड कर सकते हैं। अधिकारियों ने इनका समाधान दो घंटे के भीतर करने का संकल्प लिया है। श्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पर जोर देते रहे हैं लेकिन पश्चिम बंगाल अन्य राज्यों की तुलना में पीछे छूट गया था। शुरूआत में यह ऐप दस नगरपालिकाओं और नगर निगमों में प्रायोगिक तौर पर लागू होगा। बाद में इसे पूरे राज्य में लागू कर दिया जाएगा।
पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह नया कार्यक्रम राज्य के प्रत्येक हिस्से को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर राज्य की शहरी विकास मंत्री अग्निमित्रा पाल भी मौजूद थीं।

# डी.के. शिवकुमार कर्नाटक कांग्रेस विधायक दल के नेता चुने गए

कर्नाटक(एजेंसी)। कर्नाटक में श्री सिद्धारमैया के इस्तीफे के बाद विधान सौध में हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में डी.के. शिवकुमार को नया नेता चुना गया है। इस संबंध में, विधायकों ने सिद्धारमैया और डॉ. जी. परमेश्वर द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पारित किया। डी.के. शिवकुमार के कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में पुष्टि की गई है कि विधायकों ने उन्हें अपना नेता और अगला मुख्यमंत्री चुना है। श्री शिवकुमार को नेता चुने जाने के प्रस्ताव को पारित करने के बाद, कांग्रेस महासचिव के.



सी. वेणुगोपाल ने बैठक में पार्टी विधायकों को आधिकारिक रूप से इसकी जानकारी दी।
श्री वेणुगोपाल ने बाद में बेंगलुरू में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए घोषणा की कि डी.के. शिवकुमार को पार्टी विधायकों द्वारा सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया है और वे राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि शपथ ग्रहण समारोह 3 जून को आयोजित किया जाएगा।

# म्यांमा के राष्ट्रपति पांच दिन की भारत यात्रा पर बिहार पहुंचे

नई दिल्ली(एजेंसी)। म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग आज भारत के पांच दिन के दौरे पर बिहार के गया पहुंचे। उन्होंने बोधगया स्थित विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर का दर्शन किया। इस दौरान, राष्ट्रपति ने बकराउर स्थित ऐतिहासिक सुजाता मंदिर में मत्था टेका और बोधगया स्थित बर्मी मठ का भी दौरा किया। उनके साथ वरिष्ठ अधिकारियों और बौद्ध प्रतिनिधियों सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल है।
इसके बाद राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग



आज नई दिल्ली पहुंचेंगे। वे आज शाम विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर से मुलाकात करेंगे। म्यांमार के राष्ट्रपति कल म्यांमार-भारत व्यापार मंच में शामिल हो सकते हैं। राष्ट्रपति मिन सोमवार को दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चर्चा करेंगे। इस यात्रा के अंतर्गत, राष्ट्रपति मिन व्यापार और उद्योग जगत से संबंधित वार्ताओं के लिए 2 जून को मुंबई भी जाएंगे।

# चिकित्सा वस्त्र और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत को देंगे नई मजबूती: कपडा मंत्री गिरिराज सिंह

नई दिल्ली(एजेंसी)। कपडा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि चिकित्सा वस्त्र, तकनीकी वस्त्र और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी क्षेत्र भारत की आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने की अपार क्षमता रखते हैं।श्री सिंह ने आज विशाखापत्तनम स्थित आंध्र प्रदेश मेडटेक जोन -ए.एम.टी.जेड का दौरा किया, जहां




उन्होंने चिकित्सा उपकरण निर्माण इकाइयों, अनुसंधान और नवाचार केंद्रों तथा अन्य महत्वपूर्ण औद्योगिक अवसंरचनाओं का जायजा लिया।इस अवसर श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार भारत को वैश्विक विनिर्माण और नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ये प्रयास 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं।श्री सिंह ने कहा कि ए.एम.टी.जेड की सुविधाएं स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण में भारत की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाती हैं।इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने एक चिकित्सा वस्त्र परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने चिकित्सा उपकरणों, निदान, नसबंदी, 3डी प्रिंटिंग, शल्य चिकित्सा उपकरणों और जैव सामग्री निर्माण से संबंधित उन्नत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## डीआरआई के चक्रव्यूह अभियान में केरल से 24 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ



केरल (एजेंसी)। जब्तराजस्व खुफिया निदेशालय - डीआरआई ने केरल में समन्वित मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया है और भारी मात्रा में मादक पदार्थ तथा मनोरोगी पदार्थ जब्त किए हैं। वित्त मंत्रालय ने बताया है कि चक्रव्यूह अभियान के तहत कोच्चि, मलप्पुरम और तिरूवनंतपुरम से चलाए गए इन अभियानों में चौबीस किलोग्राम से अधिक ऐसे पदार्थ जब्त किए गए हैं। मेथक्वालोन, मेथम्फेटामाइन और हशीश का तेल सहित जब्त किए गए इन पदार्थों का अवैध वितरण और तस्करी की जानी थी। मंत्रालय ने बताया कि तस्करी नेटवर्क में शामिल प्रमुख गुर्गों सहित पांच व्यक्तियों को मादक पदार्थ और मनोरोगी पदार्थ अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान, डीआरआई की कोचीन क्षेत्रीय इकाई ने केरल में सत्तर करोड़ रूपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ और मनोरोगी पदार्थ जब्त किए और इक्कीस व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। मंत्रालय ने कहा कि मादक पदार्थों के खतरे से समाज की रक्षा करने और नशामुक्त भारत के लक्ष्य में योगदान देने के लिए डीआरआई अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है।

## श्रीलंका में भगवान बुद्ध की स्मृति में वेसाक पूर्णिमा का पर्व मनाया गया

श्रीलंका (एजेंसी)। श्रीलंका में आज भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण की स्मृति में वेसाक पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। सप्ताह भर चलने वाला राष्ट्रीय वेसाक महोत्सव मतारा के मिडेल्लावेला पुराना विहारया में आयोजित किया जा रहा है। इसमें हजारों श्रद्धालु धार्मिक अनुष्ठानों में भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर पारंपरिक पेराहेरा जुलूस और भक्ति गीत कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारत और श्रीलंका के बीच सभ्यतागत संबंधों को उजागर करते हुए, हंबनटोटा स्थित भारतीय उच्चायोग और भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा भारत की बौद्ध विरासत शीर्षक से एक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।




## दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआई और अंडरवर्ल्ड नेटवर्क से जुड़े आठ आरोपी गिरफ्तार किए

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान आईएसआई और मुंबई अंडरवर्ल्ड नेटवर्क के इशारे पर काम कर रहे आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के विशेष पुलिस आयुक्त अनिल शुक्ला ने बताया कि इन आरोपियों को दिल्ली में महत्वपूर्ण ठिकानों और सुरक्षा कर्मियों पर हमला करने का काम सौंपा गया था। उन्होंने कहा कि आरोपियों के पास से हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए हैं। श्री शुक्ला ने बताया कि ये आरोपी सीमा पार बैठे अपने आकाओं के निर्देशों पर काम कर रहे थे, और इन्हें दिल्ली, महाराष्ट्र और पुणे से गिरफ्तार किया गया है।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कांवड़ यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए उच्च स्तरीय कांवड़ समिति का पुनर्गठन किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आगामी कांवड़ यात्रा को अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से उच्च स्तरीय कांवड़ समिति का पुनर्गठन किया है। दिल्ली सरकार के संस्कृति और कानून मंत्री कपिल मिश्रा को इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया कि विधायक अजय महावर, अनिल शर्मा, करनैल सिंह, संजय गोयल और उमंग बजाज को समिति का सदस्य बनाया गया है।

नवगठित समिति के अध्यक्ष कपिल मिश्रा के नेतृत्व में जल्द ही जिला अधिकारियों, दिल्ली पुलिस, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में यात्रा मार्गों के प्रबंधन, शिविरों में वॉटरप्रूफ टेंटों की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं, निर्बाध बिजली-पानी आपूर्ति तथा सुरक्षा उपायों की समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक समरसता और जनआस्था का महत्वपूर्ण प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार कांवड़ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा इस वर्ष भी कांवड़ शिविरों को विशेष सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 90 करोड़ आभा कार्ड बनाने का आंकड़ा पार




नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत देशभर में 90 करोड आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता-आभा कार्ड बनाये जा चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि यह उपलब्धि परस्पर जुडे और नागरिक केंद्रित डिजिटल स्वास्थ्य परिवेश की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मंत्रालय ने कहा है कि आभा कार्ड की संख्या वर्ष 2021 में 14 करोड से अधिक थी जो बढकर इस वर्ष 90 करोड हो गई है। यह उपलब्धि राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की सक्रिय भागीदारी से संभव हुई है।

उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 15 करोड से अधिक आभा कार्ड बनाये गये हैं। इसके बाद राजस्थान तथा महाराष्ट्र में सात दृ सात करोड कार्ड बने हैं। मंत्रालय ने कहा है कि इस उपलब्धि में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही है और उनकी हिस्सेदारी 49.75 प्रतिशत है।

आभा कार्ड स्वास्थ्य रिकार्ड को डिजिटल बनाता है और यह विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों पर उपलब्ध होता है। इससे व्यक्ति को संबंधित चिकित्सा दस्तावेज अपने साथ ले जाने की जरूरत नहीं होती है।


ॐ
॥ श्री ॥
हिन्दू तख्त
धर्म ✦ शक्ति ✦ एकता
कर्मण्येवाधिकारस्ते
मा फलेषु कदाचन ।
कर्म ही पूजा है,
फल की चिंता मत करो,
समर्पण ही सफलता का मार्ग है ।
भगवान श्री कृष्ण के दिखाए हुए
धर्म, सत्य और कर्मयोग के मार्ग पर चलकर
श्री हिंदू तख्त
समस्त सनातन समाज को
एकजुट करने का संकल्प लेकर
आगे बढ़ रहा है ।
धर्म रक्षा
हिन्दू एकता
राष्ट्र गौरव
क्रांतिकारी तपस्वी
स्वामी
धनंजय गिरी जी
महाराज
राष्ट्रीय अध्यक्ष,
श्री हिन्दू तख्त
एवं पीठाधीश्वर
सनातन न्याय पीठ
श्री पंचदस नाम
जूना अखाड़ा
आप भी हमारे संस्थान से जुड़ें
सभी सनातनियों को स्वामी जी की ओर से
सुप्रभात एवं मंगलमय शुभकामनाएं
9878910253 / 7889524055

# पंचायत चुनाव में अक्सर 'स्थानीयता' सबसे बड़ा मुद्दा होती है।

बिल्कुल सही कहा आपने। पंचायत चुनाव आम चुनावों से बहुत अलग होते हैं, और इसमें 'स्थानीयता' का भाव सबसे निर्णायक भूमिका निभाता है। इसके पीछे के कुछ प्रमुख मनोवैज्ञानिक और व्यावहारिक कारण ये हैं।

सुलभता : ग्रामीण मतदाता ऐसे प्रतिनिधि को प्राथमिकता देते हैं जो सुख-दुख में, दिन हो या रात, उनके द्वार पर उपलब्ध रहे। चुनाव जीतने के बाद इसाहिबइ या 'नेता' बनकर दूर हो जाने वाले प्रत्याशियों की तुलना में वह व्यक्ति ज्यादा भरोसेमंद होता है जिसे लोग रोजमर्रा की जिंदगी में देख सकते हैं।

पारिवारिक और सामाजिक संबंध: पंचायतों में जाति, बिरादरी और आपसी पारिवारिक संबंधों का जाल बहुत गहरा होता है। 'स्थानीय होने' का मतलब केवल एक गांव में रहना नहीं, बल्कि उस गांव की परंपराओं, विवादों और सामाजिक संरचना को समझना है। लोग उस व्यक्ति को चुनना पसंद करते हैं जो उनके इअपनेइ परिवार या समुदाय का हिस्सा महसूस होता है।

समस्याओं की समझ: एक बाहरी व्यक्ति भले ही विकास के बड़े-बड़े वादे करे, लेकिन स्थानीय व्यक्ति जानता है कि किस मोहल्ले में नाली की समस्या है, किसके घर तक पानी नहीं पहुंचता, या किस खेत के पास रास्ता खराब है। यह 'ऑन-ग्राउंड' जानकारी मतदाता को आश्वस्त करती है कि यह उम्मीदवार काम करवा पाएगा।

भरोसा और जवाबदेही: स्थानीय व्यक्ति की जवाबदेही तय करना आसान होता है। गांव के लोग एक-दूसरे को जानते हैं, इसलिए अगर कोई काम नहीं होता, तो वे सीधे सवाल कर सकते हैं। यह 'आमना-सामना' होने की स्थिति ही प्रतिनिधि को अधिक जिम्मेदार बनाती है।

भावनात्मक जुड़ाव : चुनाव में कई बार लोग यह देखते हैं कि इक्या यह प्रत्याशी हमारे गांव की मिट्टी से जुड़ा है? जो व्यक्ति गांव के तीज-त्योहारों, मेलों और स्थानीय आयोजनों में सक्रिय रहता है, उसका पलड़ा स्वाभाविक रूप से भारी हो जाता है।

कमल पवार




जीत क्लासीफाइड

अपना क्लासिफाईड/ डिस्पले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करें।
9803025111, 8878400009

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्टर की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# व्यापारियों की शिकायतों का तुरंत समाधान: उपायुक्त ने विभागों को निर्देश दिया



जीत समाचार लुधियाना। शनिवार को उपायुक्त हिमांशु जैन ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे पंजाब सरकार के शिकायत पोर्टल के माध्यम से व्यापारियों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों का समय पर निवारण सुनिश्चित करें।

समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जैन ने व्यापारी समुदाय द्वारा सामना की जा रही समस्याओं के शीघ्र समाधान की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि पंजाब सरकार व्यापार-अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने चेतावनी दी कि वास्तविक शिकायतों के निवारण में किसी भी प्रकार की अनुचित देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपायुक्त ने जमीनी स्तर पर मुद्दों के प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए विभागों के बीच प्रभावी समन्वय के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर संचार और अंतर-विभागीय सहयोग से त्वरित और अधिक कुशल समाधान संभव होंगे।

बैठक के दौरान, जैन ने पीएसपीसीएल, पुलिस, एनएचएआई, नगर निगम, लुधियाना सुधार ट्रस्ट, जीएलएडीए, जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड और अन्य विभागों को लंबित शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने और उनके शीघ्र निपटान को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिला प्रशासन की पारदर्शी और समयबद्ध शिकायत निवारण की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए जैन ने कहा कि जमीनी स्तर पर जन सेवाओं की प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित करते हुए व्यापारियों और सरकारी विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि जवाबदेही सुनिश्चित करने और सेवा मानकों में सुधार के लिए शिकायतों की नियमित निगरानी की जाएगी।

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में ळस्|क| के मुख्य प्रशासक ओजस्वी अलंकार, एडीसी पूनम सिंह, अमित बम्बी, डॉ. नरिंदर सिंह धालीवाल, एसडीम जसलीन कौर भुल्लर, उपिंदरजीत कौर बराड़, प्रीत इंदर बैंस, खुशप्रीत सिंह, एस्टेट ऑफिसर अमन गुप्ता, संयुक्त आयुक्त विनीत कुमार, तपन भनोट और विभिन्न विभागों के प्रमुख शामिल थे।

# फगवाड़ा में आरटीआई एक्टिविस्ट सिमरनजीत सिंह हत्याकांड का खुलासा, प्रॉपर्टी विवाद में रिश्तेदार गिरफ्तार



जीत समाचार जालंधर/फगवाड़ा। फगवाड़ा में त्ज्ट एक्टिविस्ट सिमरनजीत सिंह की हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुछ ही घंटों में मामले को सुलझा लेने का दावा किया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि हत्या के पीछे पुराना पारिवारिक प्रॉपर्टी विवाद मुख्य कारण था।

पुलिस ने मामले में मृतक के एक करीबी रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है, जिससे पूछताछ जारी है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था।

**एलपीयू लॉ गेट के पास मिला था शव**

सिमरनजीत सिंह का शव जालंधरदृफगवाड़ा रोड पर स्थित एलपीय लॉ गेट के पास संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ था। जांच में सामने आया कि उन्हें सिर के पीछे गोली मारी गई थी, जो आर-पार होकर माथे से बाहर निकल गई, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी।

**लाइसेंसी पिस्टल के इस्तेमाल की आशंका**

पुलिस के अनुसार, वारदात के समय सिमरनजीत सिंह से मिलने कुछ रिश्तेदार पहुंचे थे। आशंका जताई जा रही है कि बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया और उसी दौरान गोली चला दी गई। जांच में यह भी संभावना जताई जा रही है कि हत्या में मृतक की लाइसेंसी पिस्टल का इस्तेमाल किया गया हो सकता है।

**मौके से पिस्टल, मोबाइल और कार बरामद**

जालंधर रेंज के डीआईजी नवीन सिंगला ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी, जहां सिमरनजीत सिंह का शव पड़ा मिला। घटनास्थल से एक पिस्टल, दो मोबाइल फोन और उनकी फॉर्च्यूनर कार बरामद की गई है। इसके अलावा एक कारतूस का खोल भी मिला है।

**सीसीटीवी फुटेज से मिली अहम कड़ी**

पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों और तकनीकी साक्ष्यों की जांच के दौरान सिमरनजीत की गाड़ी के साथ एक स्विफ्ट कार देखी, जिसके आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई। इसी सुराग के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंची।

अधिकारियों ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से गहन जांच जारी है और जल्द ही विस्तृत प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे घटनाक्रम का आधिकारिक खुलासा किया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा और सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# पंजाब नगर निकाय चुनावों के नतीजे में आप को पहला, निर्दलीयों को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ



जीत समाचार चंडीगढ़। पंजाब नगर निकाय चुनावों में, सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने 8 नगर निगमों, 75 नगर परिषदों और 19 नगर पंचायतों के 1,977 वार्डों में से 958 वार्ड जीत लिए हैं। कांग्रेस को 397, शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) को 192 और भाजपा को 172 वार्ड में जीत हासिल हुई है। बहुजन समाज पार्टी को केवल सात वार्ड मिले। दिलचस्प यह है कि निर्दलीय उम्मीदवारों ने 251 वार्ड जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस महीने की 26 तारीख को हुए इन शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में कुल 7,554 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा।

# गेहूं उतरवाई भाड़ा न मिलने पर राशन डिपो होल्डर नाराज, वितरण रोकने की चेतावनी

जीत समाचार लुधियाना (कमल पवार)। जिले के राशन डिपो होल्डरों ने सरकारी पॉलिसी के तहत गेहूं की उतरवाई (किराया-भाड़ा) का भुगतान न मिलने पर नाराजगी जताई है। डिपो होल्डरों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी लंबित मांगों का समाधान नहीं किया गया तो वे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लाभार्थियों को राशन वितरण बंद कर सकते हैं। इससे जिले में लाखों परिवारों के लिए समय पर अनाज मिलने पर संकट की स्थिति पैदा हो सकती है।

**डिपो होल्डरों ने जताई नाराजगी:** डिपो होल्डर लक्की सिंह, गुरप्रीत सिंह गिल, हरमेश सिंह, बलबीर सिंह, राजविंदर कौर, चरणजीत कौर, निर्मला रानी, राजेश कुमार और सीमा शर्मा सहित अन्य ने बताया कि हर तीन महीने में डिपो पर आने वाली गेहूं की उतरवाई का भाड़ा उन्हें अपने स्तर पर मजदूरों को देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग 5 रूपये प्रति बोरी के हिसाब से मजदूरी का भुगतान डिपो होल्डरों को अपनी जेब से करना पड़ रहा है, जबकि सरकार की ओर से यह भुगतान ठेकेदारों को किया जा रहा है।

**आर्थिक स्थिति पर असर का दावा:** डिपो होल्डरों ने आरोप लगाया कि पंजाब में पहले से ही उन्हें अन्य राज्यों की तुलना में कम कमीशन मिल रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था के कारण उनका काम आर्थिक रूप से बोझ बन गया है।

**विभाग को सौंपा मांग प्त्र:** डिपो होल्डर एसोसिएशन ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कंट्रोलर लखवीर सिंह को मांग पत्र सौंपकर गेहूं की उतरवाई की राशि तुरंत जारी करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो राशन वितरण प्रभावित हो सकता है, जिससे गरीब परिवारों को परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

समय पर समाधान की अपील। डिपो होल्डरों ने सरकार से अपील की है कि लंबित भुगतान जल्द जारी किया जाए ताकि वे बिना किसी बाधा के लाभार्थियों को राशन वितरण का कार्य सुचारू रूप से जारी रख सकें।

# भारतीय हज मिशन को सऊदी हज और उमरा मंत्रालय द्वारा दो प्रतिष्ठित लब्बैतुम पुरस्कार प्राप्त



सऊदी अरब(एजेंसी)। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि भारतीय हज मिशन को पहली बार सऊदी हज और उमरा मंत्रालय द्वारा हज समन्वय और संचार में उत्कृष्टता के लिए दो प्रतिष्ठित लब्बैतुम पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री रिजिजू ने कहा कि हज का सफल आयोजन अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय, भारतीय हज समिति और सऊदी अरब में भारत के राजदूत तथा जेद्दा में महावाणिज्यदूत के नेतृत्व में भारतीय हज मिशन के बीच सहज समन्वय को दर्शाता है।

# सरकार ने तेल विपणन कंपनियों को 30 दिन का एलपीजी भंडार संरक्षित करने का निर्देश दिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में बाधा को देखते हुए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को 30 दिन का एलपीजी भंडार संरक्षित करने का निर्देश दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कल नई दिल्ली में यह जानकारी दी। सुश्री शर्मा ने कहा कि भारत कच्चे तेल की भंडारण क्षमता बढ़ाने पर भी काम जारी है। सुश्री सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार रणनीतिक भंडारों के माध्यम से ईंधन सुरक्षा मजबूत करने और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है।

संयुक्त सचिव ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का पर्याप्त भंडार है। उन्होंने बताया कि किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर आपूर्ति की कमी की कोई सूचना नहीं है। विदेश मंत्रालय में अपर सचिव असीम महाजन ने कहा कि खाड़ी और पश्चिम एशिया क्षेत्र में स्थित भारतीय दूतावास भारतीय नागरिकों को समय पर सहायता प्रदान कर रहे हैं। श्री महाजन ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र से भारत के विभिन्न क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त उड़ानें संचालित हो रही हैं।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने कहा कि मंत्रालय नाविकों के कल्याण और निर्बाध समुद्री संचालन के लिए विदेश मंत्रालय, भारतीय दूतावासों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों के साथ समन्वय कर रहा है। उन्होंने बताया कि कच्चे तेल का टैंकर, व्यापारिक पोत निसोस केरोस, होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकल चुका है। इसके तीन जून को विशाखापट्टणम पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस पोत पर लगभग 2 लाख 70 हजार मीट्रिक टन कच्चा तेल भारत आ रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और भारतीय ध्वज वाले या विदेशी ध्वज वाले व्यापारिक पोतों पर भारतीय नाविकों से जुड़ी कोई घटना नहीं

# शिमलापुरी में बंद मकान से बुजुर्ग दंपति के शव बरामद, इलाके में सनसनी

जीत समाचार लुधियाना (कमल पवार)।

औद्योगिक शहर लुधियाना के शिमलापुरी इलाके में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक बंद पड़े मकान से बुजुर्ग पति-पत्नी के शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुए। घर से तेज दुर्गंध आने पर स्थानीय निवासियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुख्य दरवाजा तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया, जहां का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए। मृतकों की पहचान 75 वर्षीय कुलदीप सिंह और उनकी पत्नी हरमीत कौर के रूप में हुई है।

**दो दिन पहले तक सामान्य थी दिनचर्या**

स्थानीय लोगों के अनुसार, बुजुर्ग दंपति शांत स्वभाव के थे और उन्हें दो दिन पहले तक सामान्य रूप से गली में टहलते हुए देखा गया था। शुक्रवार से लेकर शनिवार दोपहर तक घर में कोई हलचल न होने पर पहले तो लोगों ने इसे सामान्य स्थिति माना, लेकिन बाद में घर से तेज दुर्गंध आने लगी, जिससे संदेह गहरा गया और पुलिस को सूचना दी गई।

**पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची**

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुरूआती जांच में मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, जिससे मामला और भी संदिग्ध हो गया है।पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल के शवगृह में भेज दिया है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

पुलिस अब आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि पिछले दो दिनों में घर में किसी बाहरी व्यक्ति की आवाजाही हुई थी या नहीं। पुलिस सभी संभावित पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।फिलहाल इस रहस्यमयी मौत ने पूरे इलाके में दहशत और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है।

# मानवाधिकारों की रक्षा के लिए जिला स्तर पर खुलेंगे कार्यालयः जतिंदर सिंह शंटी

लुधियाना, 30 मई (यादविंदर)



मानवाधिकारों की सुरक्षा और लोगों को तेज, पारदर्शी व स्थानीय स्तर पर न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पंजाब राज्य और चंडीगढ़ (यूटी) मानवाधिकार आयोग द्वारा राज्य के सभी जिलों में कोर कमेटी के जिला कार्यालय स्थापित किए जाएंगे।यह जानकारी पंजाब राज्य और चंडीगढ़ (यूटी) मानवाधिकार आयोग के सदस्य एवं पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित जतिंदर सिंह शंटी ने शनिवार को लुधियाना के आलमगीर मार्केट स्थित एक निजी होटल में आयोजित मानवाधिकार जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी।

**जिला स्तर पर मिलेगी शिकायतों की सुविधा**

शंटी ने बताया कि यह पहल पंजाब को देश का पहला ऐसा राज्य बना सकती है, जहां मानवाधिकार आयोग की कार्यप्रणाली को जिला स्तर तक विस्तार दिया जा रहा है। इससे आम लोगों को अपनी शिकायतों के लिए चंडीगढ़ स्थित आयोग कार्यालय तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, बल्कि वे अपने जिले में ही शिकायत दर्ज कर सकेंगे।उन्होंने कहा कि आयोग की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, संवेदनशील और जन-केंद्रित बनाया जाएगा तथा शिकायतों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा।

**मानवाधिकार समाज की जिम्मेदारी**

शंटी ने कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा केवल कानूनी जिम्मेदारी नहीं बल्कि एक सामाजिक कर्तव्य भी है। समाज के हर वर्ग को समानता, सम्मान और न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, मजदूरों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की सुरक्षा पर जोर दिया।

**शिकायत निवारण के लिए हेल्पलाइन**

उन्होंने बताया कि मानवाधिकारों के उल्लंघन से जुड़ी शिकायतें व्हाट्सएप नंबर 9855475547 या वेबसाइट https://www-pshrc-net/ पर दर्ज करवाई जा सकती हैं, जिन पर दो दिनों के भीतर कार्रवाई का दावा किया गया है।इसके अलावा उन्होंने अपना व्यक्तिगत मोबाइल नंबर 9855475547 भी जारी करते हुए कहा कि लोग सीधे भी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

**नशा, इमीग्रेशन धोखाधड़ी और अन्य मामलों पर कार्रवाई का दावा**

शंटी ने बताया कि "युद्ध नशों के विरुद्ध" अभियान के तहत नशे के बड़े सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई की जाग कार्रवाई करेगा।

**अन्य योजनाएं और जन-जागरूकता**

एगी। साथ ही पंजाब में चल रही फर्जी इमीग्रेशन एजेंसियों के खिलाफ भी जांच की जा रही है, जिनसे संबंधित लगभग 450 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि अस्पतालों में मानवाधिकार उल्लंघन, विशेषकर शव (डेड बॉडी) न देने जैसे मामलों पर भी आयो

उन्होंने कहा कि लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना बेहद जरूरी है। यदि कोई अधिकारी शिकायत नहीं सुनता है तो 112 हेल्पलाइन पर संपर्क करने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक एवं मानवाधिकार संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि जिला स्तर पर कार्यालय खुलने से आम लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा।

**उपस्थित गणमान्य**

कार्यक्रम में एडीसी खन्ना जशनप्रीत कौर गिल, एसडीएम लुधियाना पश्चिम कुलदीप बावा, कोर कमेटी सदस्य दीपक सिंगला, मनजींदर सिंह कलेर, के.के. डिगली, एडवोकेट सपना कंवर, पूजा भारद्वाज, प्रतीक वर्मा, डॉ. रीता गुप्ता सहित बड़ी संख्या में सामाजिक, धार्मिक एवं कानूनी क्षेत्र से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# सांस की नली में फंसा कुरकुरे का टुकड़ा युवक की दर्दनाक मौत



जीत समाचार अर्की(ब्यूरों)। उपमंडल अर्की की ग्राम पंचायत घनागुघाट के तालगांव निवासी एक युवक की सांस की नली में कुरकुरे का टुकड़ा फंस जाने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान हेमंत शर्मा (28 वर्ष) पुत्र दीपराम शर्मा निवासी तालगांव, ग्रामपंचायत घनागुघाट के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार हेमंत शर्मा कसौली स्थित एक निजी होटल में कार्यरत था।बताया जा रहा है कि वह कुरकुरा खार हाथा, तभी उसका एक टुकड़ा अचानक सांस की नली में फंस गया। इस के बाद उसे सांस लेने में गंभीर परेशानी होने लगी।परिजन उसे तुरंत उपचार के लिए एमएमयू सुल्तानपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। पीजीआई में विशेषज्ञ चिकित्स कों द्वारा उसका उपचार किया गया, लेकिन उसकी हालत में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका।उपचार के दौरान बुधवार दोपहर हेमंत शर्मा ने अंतिम सां ली। युवक के असामयिक निधन की खबर मिलते ही तालगांव सहित आसपास के क्षेत्रोंमें शोक की लहरदौड़ गई।

हेमंत शर्मा के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। क्षेत्र के लोगों ने इस दुखद घटनापरगहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं।गांव में मातम का माहौल हैत था ग्रामीणों ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोका कुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# डीपीआरओ कार्यालय के तकनीकी सहायक संजीव शर्मा सेवानिवृत्त





जीत समाचार हमीरपुर (ब्यूरों)। जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में तकनीकी सहायक के रूप में सेवारत संजीव कुमार शर्मा शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। जिला लोक संपर्क अधिकारी और कार्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संजीव शर्मा को भावभीनी विदाई दी तथा उनके स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विभाग में संजीव कुमार शर्मा के कार्यकाल की सराहना की। जिला लोक संपर्क अधिकारी ने कहा कि संजीव शर्मा ने विभाग में हमेशा ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण भाव से अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

नादौन के गांव नघूं के निवासी संजीव शर्मा ने उद्यान विभाग में अपनी सेवाएं आरंभ की थीं और इसके बाद उन्होंने वर्ष 22 मार्च 2010 में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशालय शिमला में प्रोजेक्ट ऑपरेटर के पद पर ज्वाइन किया था। इसके बाद वह कांगड़ा जिले के जयसिंहपुर उपमंडल के लिए स्थानांतरित हुए। जयसिंहपुर से स्थानांतरण के बाद उन्होंने जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में ज्वाइन किया। वर्ष 2020 में तकनीकी सहायक के पद पर पदोन्नत होने के बाद उन्होंने धर्मशाला स्थित जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय कांगड़ा में अपनी सेवाएं दीं। वर्ष 2022 में उनका स्थानांतरण जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय हमीरपुर के लिए हुआ और 30 मई 2026 को वह सेवानिवृत्त हो गए।

विदाई समारोह में संजीव शर्मा की धर्मपत्नी अनीता देवी, दोनों बेटे अखिल और निखिल, बेटी अंकिता कुमारी दामाद अभिनव शर्मा, बहन कमलेश कुमारी, बहनोई अरूण शर्मा, भाई निक्का राम, ओम प्रकाश शर्मा, सरोज कुमारी और अन्य परिजन एवं रिश्तेदार भी उपस्थित थे।

20 Koli Samaj Kalyan, Kangra 22
TRUST / NGO
Reg. No. 414/2022
कोली समाज कल्याण काँगड़ा
ट्रस्ट / एन. जी. ओ. (पंजीकृत संख्या 414/2022)
नर सेवा नारायण सेवा
अर्थात मानवता से प्यार करना ही भगवान से प्यार करना है।
मुख्य कार्यालय :
गांव इंदिरा कालोनी डाकघर पंचरूखी
तहसिल पालमपुर जिला काँगड़ा हिमाचल प्रदेश
मोबाईल नं. 9418997693, 9857812747

## कच्छाल जगिया पंचायत में उप-प्रधान मुल्ख राज को घोषित किया गया



जीत समाचार लंबागांव (रवि कुमार)। विकास खंड लंबागांव के अंतर्गत नवनिर्मित ग्राम पंचायत कछाल जग्गियां में संपन्न हुए प्रधान पद व उप-प्रधान पद के प्रथम चुनाव के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। इस नवगठित पंचायत के ऐतिहासिक चुनाव में मतदाताओं ने भारी उत्साह दिखाया और लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ .कर भाग लिया।

इस चुनाव में विनोद कुमार उर्फ सीतो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की है। विनोद कुमार उर्फ सीतो को कुल 604 मत प्राप्त हुए, जिसके साथ ही उन्हे कछाल जग्गियां पंचायतका पहला प्रधान निर्वाचित घोषित कियाग याहै। इस मुकाबले में दूसरे स्थान पर कुलदीप कुमार (काकू) रहे, जिन्हें कुल 312 मत मिले। वहीं, सरूप चंद 07 मत प्राप्त करती सरे स्थान पररहे।

कच्छाल जगिया पंचायत में उप-प्रधान पद के लिए संपन्नहुए । विजयी उम्मीदवार के रूप में मुल्ख राज को घोषित किया गयाहै।मुल्ख राजः 357 मत (विजेता), अश्वनी कुमारः 311 मत, मदन लालः 128 मत, गुरू वचन सिंहः 79 मत,संदीप कुमारः 44 मत, चुनाव में कुल 927 मत डालेगए। इस में 919 मत मान्य (वैध) पाए गए और 08 मत अविधि मान्य घोषित किए गए ।नोटा के लिए कोई मत प्राप्त नहीं हुआ

## लम्बगांव की ग्राम पंचायत काथला से प्रधान विजय कुमार व उप-प्रधान विकास रियाल की जीत



जीत समाचार लंबागांव (रवि कुमार)। विकास खंड लम्बगांव की ग्राम पंचायत काथला संपन्न चुनाव परिणामों में इस पंचायत में कुल 5 वार्ड हैं। इन परिणामों के अनुसारकुछ वार्डों में मतदान प्रक्रिया संपन्न हुईजबकि अन्य वार्डों में प्रतिनिधियों को निर्विरोध चुना गया है।

प्रधान और उप-प्रधान पद के परिणामः प्रधान पद के लिए हुए मुकाबले में विजय कुमार विजयी घोषित किए गए हैं। विजय कुमार को कुल 251 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी सुरजीत कुमार को 230 मत मिले। इस प्रकार विजय कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 21 मतों के अंतर से पराजित किया। इस चुनाव में कुल 559 वैध मत पड़े, 10 मत अमान्य रहे, और कुल 569 मत डाले गए।

उप-प्रधान पद के लिए हुए चुनाव में विकास रियाल ने स्पष्ट बहुमत के साथ जीत दर्ज की है। विकास रियाल को 288 मत प्राप्त हुए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी अजय को 140 मत मिले। इस तरह विकास रियाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 148 मतों के बड़े अंतर से मात दी। उप-प्रधान पद के चुनाव में कुल 555 वैध मत और 13 अमान्य मतों के साथ कुल 569 मतों का प्रयोग हुआ।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## जयसिंहपुर उप मंडल के ब्लॉक लम्बागांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ चुनाव परिणाम





जीत समाचार जयसिंहपुर (अभिषेक)। जयसिंहपुर उप मंडल के ब्लॉक लम्बागांव के अंतर्गत स्थानीय ग्राम पंचायत बड़ में हुए प्रधान पद के चुनाव की मतगणना के बाद अब परिणाम स्पष्ट होते नजर आ रहे हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, प्रधान पद की उम्मीदवार शालू देवी को मतदाताओं का भरपूर समर्थन मिला है। चुनाव के आधिकारिक विवरण के अनुसार, इस ग्राम पंचायत में कुल 590 मतडाले गए थे। इसमें से प्रधान पद की दावेदार शालू देवी को 262 मत प्राप्त हुए हैं। वहीं, उप-प्रधान पद के उम्मीदवार बलदेव राज खरवार को 202 मत मिले हैं।

## ग्राम पंचायत कोसरी में हुए पंचायत चुनावों के दौरान कड़ा मुकाबला देखने को मिला।





जीत समाचार लंबागांव(अभिषेक)। विकासखंड लंबागांव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कोसरी में हुए पंचायत चुनावों के दौरान प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला जनता ने मतपेटी में बंद कर दिया है। मतगणना के दौरान प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पंचायत के मुख्य पदों के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिला। ताजा प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंचायत कोसरी से प्रधान पद की उम्मीदवार मंजू देवी को 330 मत प्राप्त हुए हैं। वहीं, उप-प्रधान पद के लिए चुनाव लड़ रहे विनोद टंडन को मतदाताओं का भारी समर्थन मिला है और उन्हें 426 मत हासिल हुए हैं।

## शोक समाचारः पपरोला के प्रसिद्ध स्वर्ण व्यवसायी व पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष अशोक नंदा का आकस्मिक निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



जीत समाचार बैजनाथ। बैजनाथ-पपरोला के प्रसिद्ध ज्वेलर्स एवं बैजनाथ पंचायत समिति के पूर्व अध्यक्ष अशोक नंदा जी का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। रशिक नंदा के पिता अशोक नंदा जी ने सामाजिक, राजनीतिक और व्यावसायिक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई थी। उनके निधन से क्षेत्र ने एक सम्मानित व्यक्तित्व, समाजसेवी और मार्गदर्शक को खो दिया है। अशोक नंदा जी दो दिन पहले राम कथा के आयोजन को लेकर सभी लोगों से मिल कर गए थे।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## जेपी नड्डा ने अपनी गृह पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के अवसर पर सपरिवार मतदान कर लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।



जीत समाचार हिमाचल (ब्यूरो)। जेपी नड्डा अपनी गृह पंचायत हिमाचल प्रदेश में अपनी गृह पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के अवसर पर आज झंडूता विधानसभा क्षेत्र स्थित अपने गृहग्राम विजयपुर सुंगला में सपरिवार मतदान कर लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

पंचायतीराज के सशक्ति करण और लोकतांत्रिक व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में सामूहिक भागीदारी का अपना विशिष्ट महत्व है। सभी मतदाता भाई-बहनों से आग्रह है कि अपने ग्राम, क्षेत्र और राज्य के समुचित विकास एवं जन उत्थान के लिए लोकतंत्र के महोत्सव में शामिल होकर मतदान अवश्य करें। आपका अमूल्य वोट सशक्त ग्राम और विकसित हिमाचल प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## 43 लड़कियों ने लगवाया कैंसर रोधी टीका, जिला में 1414 पहुंचा आंकड़ा



जीत समाचार हमीरपुर (ब्यूरो)। सर्विकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) से बचाव हेतु आरंभ किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत 14-15 वर्ष के आयु वर्ग की लड़कियों को मुफ्त टीके लगवाने का अब आखिरी मौका है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने बताया कि शनिवार को जिला में 43 लड़कियों ने यह टीका लगवाया और इसके साथ ही जिला में एचपीवी वैक्सीन का टीका लगवाने वाली लड़कियों की संख्या 1414 हो गई है।

डॉ. अजय अत्री ने बताया कि यह विशेष अभियान 31 मई को समाप्त होने जा रहा है। इसके बाद 15 वर्ष की आयु पार करने वाली लड़कियों को भविष्य में यह टीका लगवाने का अवसर नहीं मिलेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि महिलाओं में बार-बार इनफेक्शन के कारण सर्विकल कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। सर्विकल कैंसर की शिकार लगभग 99.7 प्रतिशत महिलाओं में इसका कारण लंबे समय तक इनफेक्शन होना ही है। एक अध्ययन के अनुसार एक लाख महिलाओं में लगभग 14 महिलाएं इससे ग्रस्त पाई जाती हैं। महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद सर्विकल कैंसर सबसे ज्यादा पाया गया है। इस गंभीर रोग से बचाव के लिए ही एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान आरंभ किया गया है।

